TM

पुणेकर

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित

## मध्यप्रदेश राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा

# सामान्य अध्ययन
# एवं
# एप्टीट्यूट टेस्ट
# सॉल्वड पेपर्स

**2003-2026**

*आपकी सफलता का सहयोगी . . .*

**पुणेकर पब्लिकेशन्स**

*खजूरी बाजार–इन्दौर*

© **सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन**

- इस पुस्तक मे दिये गये किसी भी भाग के लिये प्रकाशक /विक्रेता/मुद्रक/लेखक इस बात को कतई सुनिश्चित नही करता है कि इस पुस्तक के दी गई जानकारी अंतिम रुप से पूर्ण है। पाठको को यदि इस पुस्तक के किसी भी अंश या प्रश्न पर कोई संशय है तो वह अपन स्त्रोत के आधार पर उसका आकलन करे एवं यदि इस पुस्तक मे कोई विसंगति पाता है निम्न पते पर इस विसंगति को बताये जिससे कि आगामी संस्करण मे इस पुस्तक मे सुधार किया जा सके।इस पुस्तक को प्रकाशित करने में प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई हैं फिर भी किसी त्रुटि के लिए , परीक्षार्थी को होने वाले किसी भी संताप या नुकसान के लिये प्रकाशक/विक्रेता/ लेखक जिम्मेदार नहीं होगा।
- इस पुस्तक में प्रकाशित किसी भी अंश का प्रतिलिपिकरण, ऐसे यंत्र में भंडारण जिससे इसे पुनः प्राप्त किया जा सकता हो या स्थानांतरण, किसी भी रूप में या किसी या विधि से, इलेक्ट्रॉनिक, यांत्रिक, फोटो प्रतिलिपि, रिकार्डिंग प्रकाशक की पूर्व लिखित अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता है।
- इस पुस्तक का प्रकाशन प्रतियोगी परीक्षाओ मे तैयारी की दृष्टि से किया गया है। इस पुस्तक के लेखक/ प्रकाशक/विक्रेता का किसी भी समुदाय/व्यक्ति/संस्था/धर्म को किसी भी प्रकार से ठेस नही पहुँचाने का उद्देश्य नही है फिर भी यदि कही कोई त्रुटि हुई हो तो क्षमा करे।
- किसी भी प्रश्न के उत्तर पर संशय होने पर आयोग की वेबसाईट का अवलोकन करे एवं उसे ही सही माने।
- किसी भी विवाद के लिए न्यायक्षेत्र इन्दौर होगा।

- **अधिकृत विक्रेता :**
  पुणेकर काम्पीटिशन बुक हाउस,
  208 म.गाँ.खजूरी बाजार,इन्दौर
- **प्रकाशक : पुणेकर पब्लिकेशन्स, इन्दौर**
  खजूरी बाजार इन्दौर
- **www.punekarpublications.in**
- **E-mail- punekerpublication@gmail.com**

# विषय सूची


✻ MPPSC PRE सॉल्वड पेपर्स 2026 (प्रथम प्रश्न–पत्र एवं द्वितीय प्रश्नपत्र) 01–36A
✻ MPPSC PRE सॉल्वड पेपर्स 2025 (प्रथम प्रश्न–पत्र एवं द्वितीय प्रश्नपत्र) 01
✻ MPPSC PRE सॉल्वड पेपर्स 2024 (प्रथम प्रश्न–पत्र एवं द्वितीय प्रश्नपत्र) 34
✻ MPPSC PRE सॉल्वड पेपर्स 2023 (प्रथम प्रश्न–पत्र एवं द्वितीय प्रश्नपत्र) 60
✻ MPPSC PRE सॉल्वड पेपर्स 2022 (प्रथम प्रश्न–पत्र एवं द्वितीय प्रश्नपत्र) 87
✻ MPPSC PRE सॉल्वड पेपर्स 2021 (प्रथम प्रश्न–पत्र एवं द्वितीय प्रश्नपत्र) 114
✻ MPPSC PRE सॉल्वड पेपर्स 2020 (प्रथम प्रश्न–पत्र एवं द्वितीय प्रश्नपत्र) 141
✻ MPPSC PRE सॉल्वड पेपर्स 2019 (प्रथम प्रश्न–पत्र एवं द्वितीय प्रश्नपत्र) 175
✻ MPPSC PRE सॉल्वड पेपर्स 2018(प्रथम प्रश्न–पत्र एवं द्वितीय प्रश्नपत्र) 209
✻ MPPSC PRE सॉल्वड पेपर्स 2017(प्रथम प्रश्न–पत्र एवं द्वितीय प्रश्नपत्र) 247
✻ MPPSC PRE सॉल्वड पेपर्स 2016 (प्रथम प्रश्न–पत्र एवं द्वितीय प्रश्नपत्र) 282
✻ MPPSC PRE सॉल्वड पेपर्स 2015 (प्रथम प्रश्न–पत्र एवं द्वितीय प्रश्नपत्र) 314
✻ MPPSC PRE सॉल्वड पेपर्स 2014 (प्रथम प्रश्न–पत्र एवं द्वितीय प्रश्नपत्र) 349
✻ MPPSC PRE सॉल्वड पेपर्स 2013 (प्रथम प्रश्न–पत्र एवं द्वितीय प्रश्नपत्र) 386
✻ MPPSC PRE सॉल्वड पेपर्स 2012 (प्रथम प्रश्न–पत्र एवं द्वितीय प्रश्नपत्र) 419
✻ MPPSC PRE सॉल्वड पेपर्स 2010 456
✻ MPPSC PRE सॉल्वड पेपर्स 2009 476
✻ MPPSC PRE सॉल्वड पेपर्स 2008 493
✻ MPPSC PRE सॉल्वड पेपर्स 2005 519
✻ MPPSC PRE सॉल्वड पेपर्स 2003 528
✻ MPPSC PRE सॉल्वड पेपर्स 2003 (बैकलॉग) 534

## नोट्स

(26/04/2026 को आयोजित)

# म.प्र. राज्य सेवा प्रारम्भिक परीक्षा-2026

## सामान्य अध्ययन : प्रथम प्रश्न-पत्र

लेखक-रवि कुमार त्रिपाठी

## मध्यप्रदेश

1. **सन् 2011 की जनगणना के अनुसार, कमार जनजाति की जनसंख्या मध्य प्रदेश में कितनी है?**
**What is the population of Kamar Tribe in Madhya Pradesh according to the 2011 Census?**
(अ) 266 (ब) 466
(स) 666 (द) 866

**उत्तर-(ब) 466**
2011 की जनगणना के अनुसार, मध्यप्रदेश में कमार (Kamar) जनजाति की कुल आबादी मात्र 466 दर्ज की गई है। यह एक विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (PVTG) है। हालांकि इनकी मुख्य आबादी छत्तीसगढ़ (विशेषकर गरियाबंद जिले) में पाई जाती है, लेकिन मध्यप्रदेश के कुछ सीमावर्ती क्षेत्रों में भी इनकी उपस्थिति है।

2. **ट्राईफेड (TRIFED) की स्थापना किस वर्ष की गई?**
**In which year was TRIFED established?**
(अ) 1986 (ब) 1987
(स) 1988 (द) 1989

**उत्तर-(ब) 1987**
**भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ(TRIFED)**
- **स्थापना-** इसकी स्थापना अगस्त, 1987 में बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम, 1984 के तहत की गई थी।
- **मुख्यालय-** इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है और इसके देश भर में कई क्षेत्रीय कार्यालय हैं।
- **मंत्रालय-** यह भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय(Ministry of Tribal Affairs) के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करता है।

**मुख्य उद्देश्य-**
1. जनजातीय लोगों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों (हस्तशिल्प, कला और लघु वनोपज) को बाजार उपलब्ध कराना।
2. बिचौलियों के शोषण को कम करना और जनजातीय समुदायों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य दिलाना।
3. 'ट्राइब्स इंडिया' (Tribes India) आउटलेट्स और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से विपणन करना।

- **महत्वपूर्ण पहल-** TRIFED द्वारा 'वन धन विकास केंद्र' और 'आदि महोत्सव' जैसे कार्यक्रमों का संचालन किया जाता है, जो जनजातीय सशक्तिकरण और उनकी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में सहायक हैं।

3. **सन् 2024-25 में अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थी को विदेश में शिक्षा प्राप्त करने के लिये क्या आय सीमा निर्धारित थी?**
(अ) रु.6 लाख (ब) रु. 8 लाख
(स) रु.10 लाख (द) रु. 15 लाख
**What was the income limit set for Scheduled Tribe students to pursue education abroad, in the year 2024-25?**
(A) 6 lakh (B) 8 lakh
(C) 10 lakh (D) 15 lakh

**उत्तर-(स) रु.10 लाख**
**विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योज्evee-**
- **नोडल विभाग-**जनजातीय कार्य विभाग (म.प्र.)
- **पारिवारिक आय सीमा-** 10 लाख रुपए से अधिक नहीं
- **लाभार्थी-** म.प्र. के अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं को विदेशों में शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रतिवर्ष 50 छात्र-छात्रों को छात्रवृतित देना प्रावधानित है।

4. **सन् 2011 की जनगणना के अनुसार, मध्य प्रदेश में कितनी जनजातियाँ हैं (विशेष रूप से कमजोर जनजातियों को छोड़कर)?**
**According to the 2011 Census, how many tribes are there in Madhya Pradesh (except particularly vulnerable tribal groups)?**
(अ) 46 (ब) 45
(स) 44 (द) 43

**उत्तर-(द) 43**
2011 की जनगणना के अनुसार, मध्यप्रदेश में कुल 43 अधिसूचित जनजातियाँ निवास करती हैं (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (PVTG)- बैगा, भारिया और सहरिया, को छोड़कर)।

5. **'नेतम' शब्द का सम्बन्ध है :**
(अ) टेबू से (ब) टोटम से
(स) विवाह की रस्म सें (द) जनजाति के नाम से
**The word 'Netam' is related to:**
(A) Taboo (B) Totem
(C) Marriage custom (D) Tribe name

**उत्तर-(ब) टोटम से**
- **नेतम' (Netam)** शब्द का गहरा सम्बन्ध जनजातीय सामाजिक संरचना और उनकी धार्मिक मान्यताओं से है।
- गोंड जनजाति और उससे जुड़ी अन्य उप-जातियों में **'नेतम'** एक कुल-चिह्न (Totem) को दर्शाता है। गोंडी भाषा के संदर्भ में **'नेतम'** का अर्थ अक्सर **'कुत्ता'** होता है, जिसे एक विशिष्ट गोत्र के लोग अपना पवित्र पूर्वज या रक्षक चिह्न मानते हैं।
- **टोटम (Totem)-**जनजातीय समाज में टोटम किसी पशु, पक्षी, वृक्ष या प्राकृतिक वस्तु को माना जाता है। उस विशेष गोत्र के लोग अपने टोटम की पूजा करते हैं, उसे नुकसान नहीं पहुँचाते और उसे अपना वंशानुगत प्रतीक मानते हैं।
- **सामाजिक महत्व-**टोटम के आधार पर ही जनजातियों में विवाह का निर्धारण होता है। सामान्यतः एक ही टोटम (जैसे- नेतम गोत्र) के सदस्य आपस में विवाह नहीं करते क्योंकि वे स्वयं को एक ही पूर्वज की संतान और भाई-बहन मानते हैं।

6. **आदिवासियों का परम्परागत संगीत वाद्य 'गुदुम बाजा' निम्न में से मध्य प्रदेश के किस जिले से संबंधित है?**
(अ) शहडोल (ब) छिन्दवाड़ा
(स) मण्डला (द) झाबुआ

**The traditional folk musical instrument 'Gudum Baja' of the tribals of Madhya Pradesh is related to which district from the following?**

(A) Shahdol (B) Chhindwara

(C) Mandla (D) Jhabua

**उत्तर-(अ) और (स)-** गुदुमबाजा म.प्र. की गोंड जनजाति की उपजाति धुलिया का एक प्रमुख पारंपरिक वाद्ययंत्र और लोकनृत्य है।

**7. सन् 2011 की जनगणना के अनुसार, मध्य प्रदेश में देश की अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का कितना प्रतिशत है?**

**According to the Census of 2011, what percentage of the total Scheduled Tribe population of the country is in Madhya Pradesh?**

(अ) 31.84 (ब) 29.25

(स) 28.16 (द) 14.69

**उत्तर-(द) 14.69**

**2011 की जनगणना के अनुसार-**

- **देश की कुल ST जनसंख्या में हिस्सा-** भारत की कुल अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का लगभग 14.69% भाग मध्यप्रदेश में निवास करता है। इस दृष्टि से मध्यप्रदेश, जनजातीय जनसंख्या के मामले में देश का प्रथम राज्य है।
- **राज्य की कुल जनसंख्या में प्रतिशत-** मध्यप्रदेश की कुल जनसंख्या का 21.1% हिस्सा अनुसूचित जनजाति का है। मध्यप्रदेश में लगभग 1.53 करोड़ लोग अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अंतर्गत आते हैं।

**8. गोंड जनजाति में शब्द 'बारी' का सम्बन्ध हैः**

(अ) खेल से (ब) खेती से

(स) विवाह से (द) धार्मिक क्रिया से

**Among the Gond Tribe, the word 'Baree' is related to:**

(A) Sports (B) Agriculture

(C) Marriage (D) Religious ritual

**उत्तर-(ब) खेती से**

- गोंड जनजाति में 'बारी' का सम्बन्ध कृषि और उनके निवास स्थान की विशिष्ट व्यवस्था से है। गोंड लोग अपने घर के पिछले हिस्से में एक छोटी बाड़ी या बागीचा रखते हैं, जिसे 'बारी' कहा जाता है।
- इस स्थान का उपयोग वे मुख्य रूप से साग-सब्जी उगाने और फलदार वृक्ष लगाने के लिए करते हैं। यह उनकी घरेलू अर्थव्यवस्था और पोषण का एक महत्वपूर्ण स्रोत होता है।
- गोंड जनजाति में मुख्य खेती के अलावा घर से सटी हुई इस खेती (Kitchen Garden) को 'बारी' के नाम से ही पहचाना जाता है।

**9. इंदल पूजा का सम्बन्ध मध्य प्रदेश की किस जनजाति से है?**

(अ) बारेला (ब) गोंड

(स) बैगा (द) सहरिया

**Indal puja is related to which tribe of Madhya Pradesh?**

(A) Barela (B) Gond

(C) Baiga (D) Sahariya

**उत्तर-(अ) बारेला**

- **इंदल पूजा (Indal Puja)-** मध्यप्रदेश की भील जनजाति और उसकी उप-जनजाति बारेला का सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व है।
- **मुख्य देवता-** यह पूजा मुख्य रूप से 'इंद्र देव' (जिन्हें स्थानीय स्तर पर इंदल देव कहा जाता है) को समर्पित है।
- **उद्देश्य-** यह पर्व अच्छी खेती, परिवार की सुख-समृद्धि और पशुधन की सुरक्षा के लिए मनाया जाता है।
- **विशेषता-** यह एक अत्यन्त खर्चीला और बड़ा आयोजन होता है, जिसे अक्सर मन्नत पूरी होने पर किया जाता है। इसमें 'पुजारा' (पुजारी) द्वारा धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जाते हैं।
- **सांस्कृतिक महत्व-** इंदल पूजा के दौरान 'गायण' (भजन गायन) की परंपरा है, जिसमें जनजाति के पूर्वजों और देवताओं की कथाएं सुनाई जाती हैं। यह पर्व कई दिनों तक चलता है और इसमें सामुदायिक भोज का भी आयोजन होता है।

**10. ई-अनुज्ञा (e-ANUGYA) एक ई-गवर्नेंस प्रणाली है जो अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करती हैः**

(अ) फसलों के मध्य प्रदेश से बाहर आवाजाही को।

(ब) वाहनों के मध्य प्रदेश से बाहर आवाजाही को।

(स) खनिजों के मध्य प्रदेश से बाहर आवाजाही को।

(द) मदिरा के मध्य प्रदेश से बाहर आवाजाही को।

**e-ANUGYA is an e-Governance system to provide No Objection Certificate for:**

(A) Crop movement outside Madhya Pradesh.

(B) Vehicle movement outside Madhya Pradesh.

(C) Mineral movement outside Madhya Pradesh.

(D) Liquor movement outside Madhya Pradesh.

**उत्तर-(अ) फसलों के मध्य प्रदेश से बाहर आवाजाही को।**

- **ई-अनुज्ञा (e-ANUGYA)-** मध्यप्रदेश में किसानों की उपज का भुगतान आसान बनाने के लिये प्रदेश में ई-अनुज्ञा प्रणाली लागू की गई है। कृषकों को इस प्रणाली से जोड़कर प्रत्येक भुगतान की एंट्री ई-अनुज्ञा पोर्टल पर हो रही है। व्यापारियों द्वारा इस प्रणाली का इस्तेमाल कर क्रय की गई कृषि उपज के परिवहन के लिये गेट पास बनाये जा रहे हैं।
- ई-मंडी योजना, ई-अनुज्ञा प्रणाली का विस्तारित रूप है। मंडियों में इस योजना के लागू होने से मैनुअली संधारित रिकॉर्ड धीरे धीरे समाप्त हो रहा है। ई-मंडी योजना मंडी प्रांगण के अंदर कृषकों को प्रवेश से लेकर नीलामी, तौल और भुगतान की प्रक्रिया को इलेक्ट्रॉनिकली कैप्चर करने की प्रक्रिया है। योजना को स्कॉच आर्डर ऑफ मेरिट वर्ष 2023 प्रदान किया गया है।

**11. ई-मार्ग (eMARG) एक ई-गवर्नेंस समाधान हैः**

(अ) ग्रामीण सड़कों के रखरखाव के लिए।

(ब) राज्य राजमार्गों के रखरखाव के लिए।

(स) राष्ट्रीय राजमार्गों के रखरखाव के लिए।

(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

**MARG is an e-Governance solution for:**

(A) Maintenance of rural roads.

(B) Maintenance of State highways.

(C) Maintenance of national highways.

(D) None of the above

**उत्तर-(अ) ग्रामीण सड़कों के रखरखाव के लिए-** eMARG (electronic Maintenance of Rural Roads under PMGSY) ग्रामीण सड़कों के रखरखाव के लिए एक आधुनिक ई-गवर्नेंस समाधान है।

- **विकासकर्ता-** इसे NIC मध्यप्रदेश द्वारा विकसित किया गया है।
- **उद्देश्य-** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) के तहत बनी ग्रामीण सड़कों के रखरखाव और उनकी गुणवत्ता की निगरानी करना।
- **कार्यप्रणाली-** यह एक एंटरप्राइज समाधान है, जो सड़कों के निरीक्षण, बिलिंग और भुगतान की प्रक्रिया को पारदर्शी और डिजिटल बनाता है।

12. **मालवा की माच लोक रंगशैली को वर्तमान में प्रदर्शनकारी विधा के रूप में बदलने का श्रेय किसे दिया जाता है?**

(अ) सिद्धेश्वर सेन (ब) कौशल सिंह
(स) केसरी सिंह (द) रेवाराम कुलीवाला

**Who is credited with transforming the Maach folk theatre style of Malwa into the present day performing art?**

(A) Siddheshwar Sen (B) Kaushal Singh
(C) Kesari Singh (D) Rewaram Kuliwala

**उत्तर-(अ) सिद्धेश्वर सेन**

- माच मध्यप्रदेश के मालवा अंचल का प्रमुख लोक नाट्य है। उज्जैन के गुरु गोपाल जी को माच का जन्मदाता माना जाता है, लेकिन इसे आधुनिक ऊंचाइयों तक ले जाने और लोक मंच पर प्रतिष्ठित करने का श्रेय सिद्धेश्वर सेन को जाता है।
- माच शब्द संस्कृत के 'मंच' से निकला है। यह खुले मंच पर ढोलक और सारंगी की थाप पर प्रदर्शित किया जाता है। इसमें ऐतिहासिक, पौराणिक और सामाजिक कथाओं को गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है। इसकी भाषा मालवी और रंगत हिंदुस्तानी होती है।

13. **खजुराहो स्थित 'जगदम्बी मंदिर' की प्रमुख विशेषताओं में निम्नांकित में से कौन-सा तथ्य असत्य है?**

(अ) इस मंदिर में एक ही कक्ष में अर्द्ध-मण्डप और बरामदा दोनों व्यवस्थित हैं।
(ब) इस मंदिर में प्रदक्षिणा पथ का अभाव है।
(स) गर्भगृह में लक्ष्मी की एक विशालकाय मूर्ति है।
(द) गर्भगृह के मुख्य द्वार पर विष्णु की मूर्ति अधिष्ठित है।

**Which of the following statements about the main features of the 'Jagadambi Temple' in Khajuraho is false?**

(A) This temple has both a half mandapa and a verandah arranged within a single chamber.
(B) This temple lacks a circumambulation path.
(C) There is a colossal statue of Laxmi in the sanctorum.
(D) A statue of Vishnu is installed at the main entrance of the sanctorum.

**उत्तर-(स) गर्भगृह में लक्ष्मी की एक विशालकाय मूर्ति है।**
खजुराहो के जगदम्बी मंदिर के गर्भगृह में देवी पार्वती (जगदम्बी) की एक विशालकाय मूर्ति स्थापित है।

14. **मध्य प्रदेश की निम्नांकित जनजातियों को उनकी उप-जनजातियों से सुमेलित कीजिएः**

| **जनजाति** | **उप-जनजाति** |
|---|---|
| (a) बैगा | (i) रोहिया |
| (b) भारिया | (ii) नरोतिया |
| (c) कोल | (iii) दण्डामी |
| (d) सहरिया | (iv) भूमिया (भूमिका) |

**सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (ब) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (स) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (द) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**Match the following tribes of Madhya Pradesh with their respective sub-tribes:**

| **Tribe** | **Sub-Tribe** |
|---|---|
| (a) Baiga | (i) Rohia |
| (b) Bharia | (ii) Narotia |
| (c) Kol | (iii) Dandami |
| (d) Sahariya | (iv) Bhumiya (Bhumika) |

**Select the correct answer:**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (C) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

उत्तर-(ब) (a)-ii, (b)-iv, (c)-I, (d)-iii
**(a) बैगा–**(ii) नरोतिया (नरोतिया और भरौतिया बैगा की प्रमुख उप-जातियाँ हैं)
**(b) भारिया–**(iv) भूमिया (भारिया को भूमिया या भुईहार भी कहा जाता है)
**(c) कोल–**(i) रोहिया (रोहिया और रोतेले कोल जनजाति की उप-जातियाँ हैं)
**(d) सहरिया** – (iii) दण्डामी

15. **मध्य प्रदेश में नर्मदापुरम जिले के आदमगर पुरास्थल के विषय में निम्नांकित में से कौन-सा तथ्य असत्य है?**

(अ) यह पुरास्थल नर्मदा नदी के तट पर स्थित है।
(ब) यहाँ पशुपालन के प्राचीनतम प्रमाण प्राप्त हुए हैं।
(स) इस पुरास्थल पर वी. एस. वाकणकर द्वारा पुरातात्विक उत्खनन किया गया था।
(द) यहाँ बड़ी संख्या में पुरापाषाणयुगीन उपकरण एवं अस्थि अवशेष प्राप्त हुए हैं।

**Which of the following facts about the Adamgarh archaeological site in Narmadapuram district of Madhya Pradesh is false?**

(A) This archaeological site is located on the bank of the Narmada River.
(B) The oldest evidences of animal husbandry have been found here.
(C) Archaeological excavations were carried out at this site by V. S. Wakankar.
(D) A large number of palaeolithic tools and bone remains have been found here.

**उत्तर-(स) इस पुरास्थल पर वी. एस. वाकणकर द्वारा पुरातात्विक उत्खनन किया गया था।**
आदमगढ़ (नर्मदापुरम) का उत्खनन आर. वी. जोशी और एम. डी. खरे के मार्गदर्शन में वर्ष 1960-61 के दौरान किया गया था। जबकि वी. एस. वाकणकर मुख्य रूप से भीमबेटका की खोज और वहां के उत्खनन के लिए प्रसिद्ध हैं।
**आदमगढ़ से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण तथ्य-**

- **अवस्थिति-**यह पुरास्थल मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम (पूर्व नाम होशंगाबाद) जिले में नर्मदा नदी के दक्षिणी तट पर स्थित है।
- **पशुपालन के साक्ष्य-**आदमगढ़ और राजस्थान का बागोर दो ऐसे प्रमुख स्थल हैं, जहाँ से भारत में मध्यपाषाण काल (Mesolithic age) के दौरान पशुपालन (Domestication of animals) के सबसे प्राचीनतम प्रमाण मिलते हैं।
- **शैलचित्र एवं उपकरण-** यहाँ की गुफाओं और आश्रयों में बड़ी संख्या में पाषाणकालीन उपकरण (जैसे- माइक्रोलिथ्स) और शैलचित्र प्राप्त हुए हैं। यहाँ से कुत्ते को मालिक के साथ दफनाने के अवशेष भी मिले हैं।

16. **मध्य प्रदेश में निम्नांकित में से कौन-सा स्थल 'विश्व धरोहर स्थल' के रूप में मान्यता प्राप्त है?**

(अ) ओरछा का ऐतिहासिक समूह (ब) साँची स्तूप
(स) सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (द) भोजेश्वर मंदिर समूह